भारत सरकार

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्रालय

पशुपालन, और डेयरी विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या- *4

दिनांक 21 जून, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: डेयरी और मत्स्यपालन क्षेत्र को बढ़ावा

*4. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि किसानों की आमदनी को दोगुना करने के लिए सरकार ने डेयरी और मत्स्यपालन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार प्रत्येक राज्य के लिए विशिष्ट योजनाएं तैयार करेगी;

(ग) यदि हां, तो उक्त योजनाओं की विस्तृत रूपरेखा क्या है; और

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए इस योजना हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्री

(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

****

श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा 'डेयरी और मत्स्यपालन क्षेत्र को बढ़ावा' देने के संबंध में 21.06.2019 को पूछे जाने वाले राज्यसभा तारांकित प्रश्न संख्या 4 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) जी हां। सरकार देश भर में किसानों की आय को दोगुना करने और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को सम्पूरित करने के लिए डेयरी और मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित कर रही है।

I. राष्ट्रीय गोकुल मिशन
II. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम
III. राष्ट्रीय डेयरी योजना-I
IV. डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना
V. डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि
VI. डेयरी गतिविधियों में लगी डेयरी सहकारिताओं और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता
VII. पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण
VIII. नीली क्रांतिमात्स्यिकी : का एकीकृत विकास और प्रबंधन
IX. मात्स्यिकी और जल कृषि अवसंरचना विकास निधि

(ख) से (घ) सरकार, इस योजनाओं के दिशानिर्देशों के भीतर राज्यों के प्रयासों को अनुपूरित और सम्पूरित करती है जिसमें पशुपालन और मात्स्यिकी क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य-विशिष्ट परियोजनाएं शामिल हैं।

****